# AI-1057 CV-19

## B.A. Part-II

Term End Examination, March-April-2021

Hindi Literature

Paper-I

Maximum Marks- 75

Minimum Passing marks- 25

Time:- Three Hours

Time नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान है।

**Note : Answer all questions. All Questions carry equal marks.**

1. अधोलिखित में से किन्ही तीन पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिएः– 7X3=21

    1. कोई न छायादार पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
    श्याम तन, भर बँधा यौवन, नत नयन, प्रिय–कर्म रत मन,
    गुरू हथौड़ा हाथ, करती बार–बार प्रहार, सामने तरू
    मालिका, अट्टालिका, प्रकार।।
    2. कभी चौकड़ी भरते मृग से, भूपर चरण नही' धरते,
    मत मतगंज कभी झूमते सजग शशक नभ को चलते।
    3. दिन भर काम करेगें मालिक, संझा हुई की थोप देंगें।
    सांसे दे देकर बाजार से, बाजी पर अलगोजा लेंगे।
    ममता के मेहमान बताओं, कैसे तीरंदाज हो गये।
    मेरे मालिक, मेरे अलगोजे से क्यो नाराज हो गये।
    4. उसने यह कहा पर रात के घुप अंधेरे में,
    मैं सहसा हुआ चुप रहा, अभी तक मौन हूँ,
    क्या जाने यह याचक कौन है।,
    5. विद्या, कला कौशल में सबका अटल अनुराग हो,
    उद्योग का उन्माद हो, आलस्य मद की व्याग हो।
    सुख और दुःख में एक सा सब भाइयों का भाग हो।

2. दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई–2):– 12X2=24

    1. मैथलिशरण गुप्त की काव्यगत विशेषतओं का वर्णन कीजिए।
    2. एक भारतीय आत्मा के रूप में माखनलाल चतुर्वेदी जी का स्थान निर्धारित कीजिए।
    3. कवि पंत को प्रकृति का चहेता पुत्र कहे जाने के पीछे क्या कारण है? वर्णन कीजिए।
    4. प्रयोगवाद के प्रर्वतक के रूप में अज्ञेय जी को प्रतिष्ठित किया गया है। यह कथन कहाँ तक समीचीन है। अपने शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए।

3. किन्ही तीन विषय पर टिप्पणी कीजिएः– 5X3=15

    1. नई कविता की विशेषताएँ।
    2. राष्ट्रीय काव्यधारा।
    3. प्रगतिवादी काव्य की विशेषताएँ।
    4. सुभद्रा कुमारी चौहान का साहित्यिक प्रदेय।
    5. प्रिय प्रवास का काव्य सौन्दर्य।

4. लघु उत्तरीय प्रश्न हल कीजिए (कोई–15):– 15X1=15

    1. निराला जी की किस कविता में 'इलाहाबाद नगर' का उल्लेख हुआ है।
    2. केंचुआ छंद किसकी देन है।
    3. सर्वहार वर्ग का उल्लेख किस वाद में मिलता है।
    4. वैदेही वनवास किसकी रचना है।
    5. मधुशाला से किस कवि को प्रसिद्धी मिली।
    6. एक भारतीय आत्मा के रूप में किसे जाना जाता है।
    7. जागरण सुधार काल के किसी एक रचनाकार का नाम लिखिए।
    8. भ्रमर गीत सार के रचनाकार के नाम लिखिए।
    9. साकेत का प्रचीन नाम क्या है?
    10. निज भाषा उन्नति का है। किस कवि के रचना की पंक्ति है।
    11. मेरा नया बचपन के रचनाकार का नाम लिखें।
    12. गरूड़ किसने देखा है, किसकी रचना है।
    13. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस पत्रिका का संपादन किया है।
    14. प्रयोगवाद के प्रर्वतक का पूरा नाम लिखिए।
    15. तारसप्तक का प्रकाशन वर्ष क्या है?
    16. छायावाद के उस कवि का नाम लिखें, जिनकी जन्म स्थान छत्तीसगढ़ प्रांत है।
    17. किसी भी एक राष्ट्रीय कवि का नाम लिखें ।
    18. छायावाद के आधार स्तंभ कवियों के नाम लिखें।
    19. 'अंधेरे' में कविता के रचनाकार के नाम क्या है?
    20. द्रुत पाठ को छोड़कर पाठ्यक्रम में कुल कितने कवियों की कविताएँ है।